Under CSR Support by ipca | Foundation missiongyan

# अध्याय – 05 | नागार्जुन

## QUIZ-03

1. **फसल किसका जादू कही गई है?**
   A. खेतों का
   B. नदियों के पानी का
   C. सूरज की किरणों का
   D. हवा की सरसराहट का (B)

*व्याख्या:* फसल को नदियों के पानी का जादू कहा गया है क्योंकि पानी उसकी मूल आवश्यकता है।

2. **फसल किसके हाथों के स्पर्श की गरिमा है?**
   A. कवि के B. किसानों के
   C. सूरज के
   D. नदियों के (B)

*व्याख्या:* फसल किसानों के हाथों के परिश्रम और स्पर्श की गरिमा है।

3. **कथन (A): मिट्टी में उपस्थित आवश्यक तत्व फसल को बढ़ाने में सहायक होते हैं।**
**कारण (R): मिट्टी का गुण-धर्म उसे उपजाऊ बनाता है।**
   A. (A) गलत है, (R) सही है
   B. (A) और (R) दोनों गलत हैं
   C. A) सही है और (R) उसकी सही व्याख्या है
   D. (A) सही है लेकिन (R) उसकी सही व्याख्या नहीं है (C)

*व्याख्या:* मिट्टी में मौजूद तत्व ही फसल की वृद्धि करते हैं और यही कारण है कि उसका गुण-धर्म उसे उपजाऊ बनाता है।

4. **फसल कितनी नदियों के पानी का जादू है?**
   A. एक B. दो
   C. ढेर-सारी D. तीन (C)

*व्याख्या:* कविता में स्पष्ट है कि फसल ढेर-सारी नदियों के पानी का जादू है।

5. **काव्यांश में किसकी चर्चा की गई है?**
   A. फसल उत्पादन के तत्व B. किसानों के परिश्रम
   C. नदी का पानी D. मिट्टी (D)

*व्याख्या:* काव्यांश में फसल के लिए आवश्यक मिट्टी के महत्व का विशेष वर्णन है।

6. **कथन (A): नदियों के पानी से ही फसल निर्मित होती है।**
**कारण (R): फसल के विकास में पानी का जादुई असर है।**
   A. (A) गलत है, (R) सही है
   B. (A) और (R) दोनों गलत हैं
   C. (A) सही है और (R) उसकी सही व्याख्या है
   D. (A) सही है लेकिन (R) उसकी सही व्याख्या नहीं है (C)

*व्याख्या:* कविता के अनुसार नदियों का पानी ही फसल की उत्पत्ति और विकास का आधार है।

7. **खेतों की मिट्टी कैसी बताई गई है?**
   A. पोषक तत्वों से युक्त
   B. फल से युक्त
   C. जमीन से युक्त
   D. पेड़ से युक्त (A)

*व्याख्या:* कविता में खेतों की मिट्टी को पोषक तत्वों से भरपूर बताया गया है।

8. **फसल किसका रूपांतर कही गई है?**
   A. हाथों का B. स्पर्श का
   C. सूरज की किरणों का
   D. मिट्टी का (C)

*व्याख्या:* फसल को सूरज की किरणों का रूपांतर बताया गया है।

9. **यह काव्यांश किस कविता से लिया गया है?**
   A. यह दंतुरित मुस्कान B. फसल
   C. अरे नहीं नहीं है
   D. उत्साह (B)

*व्याख्या:* प्रस्तुत अंश 'फसल' कविता से लिया गया है।

10. **काव्यांश में किस मिट्टी का उल्लेख नहीं है?**
   A. संदली मिट्टी B. काली मिट्टी
   C. भूरी मिट्टी
   D. चिकनी मिट्टी (D)

*व्याख्या:* कविता में भूरी, काली और संदली मिट्टी का उल्लेख है, परंतु चिकनी मिट्टी का नहीं।

मिशन ज्ञान जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें! 100% FREE! Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES Download Mission Gyan App